SN – 090

I Semester B.Com. Examination, November/December 2017
(CBCS) (F + R) (2016-17 and Onwards)
HINDI LANGUAGE – I
Gadya, Vanijya Patra Aur Anuvad

Time : 3 Hours

Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : (1×10=10)

1) मंगर की पत्नी का नाम लिखिए ।

2) डाली किसकी पत्नी थी ?

3) ''निंदारस'' – व्यंग्य रचना के लेखक का नाम लिखिए ।

4) मन्नू भंडारी की यादों का सिल–सिला कहाँ से शुरु होता है ?

5) भीम के पुतले को किसने जकड़ा था ?

6) ''ईवा'' की सुन्दरता का वर्णन किसने किया था ?

7) किस विज्ञापन में अजन्ता की कला का उत्कृष्ट नमूना पेश किया गया है ?

8) मोती की मृत्यु कहाँ होती है ?

9) विदेशी कंपनियाँ अपना तीन–चौथाई रुपया किसमें खर्च करना चाहती हैं ?

10) नारायण किसे ढूँढ़ता है ?

II. किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : (2×6=12)

1) पापा, आप तो अभी से घबरा गये । ज़रा सोचिए, हमारी माँ ने चालीस साल आपकी सेवा की है, वह भी तब, जब आप स्वस्थ और समर्थ थे ।

2) हमारी बेपढ़ी–लिखी व्यक्तित्वविहीन माँ ... सवेरे से शाम तक हम सबकी इच्छाओं और पिताजी की आज्ञाओं का पालन करने के लिए सदैव तत्पर ।

3) अखबारों और प्रेस के सुलभ साधन होते हुए भी विज्ञापन देना एक कला है ।

4) मर्दों की अपेक्षा औरतें अपने को परिस्थिति के साँचे में ज्यादा और जल्द ढाल सकती हैं ।

P.T.O.

III. ''सेवा'' कहानी के आधार पर ''नरोत्तम सहाय का आत्म संवाद पाठकों के दिल को रुला देता है'' इस उक्ति को स्पष्ट कीजिए । 12

अथवा

'साना-साना हाथ जौड़ी' यात्रा वृत्तांत के आधार पर हिमालय के अनंत सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : **(1×6=6)**

1) भकोलिया ।

2) मंगर ।

V. कोई **दो** पत्र लिखिए : **(2×10=20)**

1) रोशन पुस्तक घर, राजाजी रोड़, बैंगलूरु की ओर से सर्वश्री सरस्वती प्रकाशन, इलाहाबाद को उक्त संस्था की नवीनतम् सूची एवं व्यापारिक शर्तें मँगवाते हुए पूछ-ताछ पत्र लिखिए ।

2) केनरा बैंक, मैसूरु रोड़, बैंगलूरु में रिक्त हिन्दी अफ़सर पद के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यताओं का विवरण देते हुए एक आवेदन पत्र लिखिए ।

3) प्रबंधक, कावेरी सिल्क एंपोरियम, मैसूरु की ओर से शांतला सिल्क साड़ी केंद्र, बैंगलूरु की आर्थिक स्थिति के बारे में पूछ-ताछ करते हुए प्रियदर्शिनी वस्त्र भंडार, के. जी रोड बैंगलूरु को एक संदर्भ पत्र लिखिए ।

VI. हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **(1×10=10)**

1) Senior Divisional Manager.
2) Inspector.
3) Auditor.
4) Typist.
5) Head Office.
6) Training.
7) Audit.
8) Cash Book.
9) Certificate.
10) Direct Tax.

———————